# 2. सिन्धु घाटी सभ्यता

- भारतीय पुरातत्व विभाग के जन्मदाता अलेक्जेन्डर कनिंघम को माना जाता है।
- भारतीय पुरातत्व विभाग की नीव वॉयसराय लार्ड कर्जन के काल में पड़ी।
- यह एक नागरीय सभ्यता थी
- इस सभ्यता की खोज का श्रेय **राय बहादुर दयाराम** (दयाराम साहनी) को जाता है।
- मृतको का शहर लोथल व मोहनजोदड़ो को कहा जाता है।

### हड़प्पा

- हड़प्पा वर्तमान पाकिस्तान के मोंटगोमरी जिले में स्थित है।
- यह पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में रावी नदी के तट पर स्थित है।
- यहाँ से अभिलेख युक्त मुहरें सर्वाधिक मिले है।
- यह सिंधु सभ्यता का दूसरा सबसे बड़ा स्थल था।
- यहाँ से अन्नागार, अनाज कूटने के वृत्तकार चबूतरे व श्रमिक अवास के साक्ष्य मिले है।

### मोहनजोदड़ो

- यह पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सिंधु नदी के तट पर स्थित था।
- यह सिंधु सभ्यता का सबसे बड़ा स्थल था।
- मोहनजोदड़ों का अर्थ 'मृतको का टीला' होता है।
- यहाँ का सबसे महत्वपूर्ण स्थल विशाल स्नानागार है।
- मोहनजोदड़ो से नर्तकी की एक कांस्य मुर्ति मिली है।
- सर्वाधिक हड़पाकालीन मुहरे मोहनजोदड़ो से प्राप्त हुई।
- पशुपति (शिव) नाथ की मूर्ति मोहनजोदड़ो में मिली।

### कालिबंगा

- यह राजस्थान राज्य में है।
- इसका अर्थ काली चुड़िया होता है।
- यहाँ से हल के निशान पाये गये है।
- यहाँ से एक ऐसा शव मिला है जो हड़प्पा के उत्तर - दक्षिण के विपरीत पूर्व -पश्चिम में दफनाये गये है।
- यहाँ दो फसलों को एक साथ बोने के साक्ष्य मिले है।

### लोथल

- यह गुजरात राज्य में है।
- यहाँ से चावल का साक्ष्य मिले है।
- यहाँ से वृत्ताकार व चौकौर अग्निकुण्ड का साक्ष्य मिला है।
- यह हड़प्पा सभ्यता का प्रसिद्ध बंदरगाह नगर था।
- यहाँ से एक मृद्भाण्ड पर पंचतत्र की कहानी लोमड़ी का चित्रण किया गया साक्ष्य मिला है।
- लोथल से चावल का प्रमाण मिला है।
- गोदीवाड़ा (बंदरगाह) का प्रमाण लोथल से मिला है।

### धौलावीरा

- यह गुजरात राज्य में है।
- यहाँ से साइन बोर्ड, जलाशय, स्टेडियम का साक्ष्य मिला है।
- यह एकमात्र हड़प्पा कालीन नगर था जो तीन भागों में विभाजित था।

### रोजदी

- यह गुजरात राज्य में है।
- यहाँ से चेसबोर्ड का साक्ष्य मिला है।

### सुरकोरदा

- यह गुजरात राज्य में है।
- यहाँ से घोड़े की आस्थियाँ मिली है।

### चन्हूदरो

- यहाँ से वक्राकार ईटों के साक्ष्य मिले हैं।
- यहाँ से खिलौना बनाने का कारखाना मिला है।

### बनवाली

- यह हरियाणा राज्य में है।
- यहाँ से बैल गाड़ियों का साक्ष्य मिला है।
- यहाँ से जल निकासी का कोई साक्ष्य नहीं मिला है।

### आमरी

- यहाँ सबसे पहले प्राकृ - हडप्पा कालीन अवशेष मिला है
- यहाँ से बारहसिंहा के साक्ष्य मिले है।

### रोपड़

- यह पंजाब राज्य में है।
- यहाँ मनुष्य के साथ कुत्ते को दफनाने का साक्ष्य मिला है।

## सभ्यता का विस्तार

मांदा (उत्तर)

सुतकागेनडोर (पश्चिम) — आलमगीरपुर (पूर्व)

दैमाबाद (दक्षिण)

- हड़प्पा सभ्यता की आकृति त्रिभुजाकार है।
- हड़प्पा सभ्यता के लोग लौहा के बारे में नहीं जानते थे।
- हड़प्पा सभ्यता में सर्वप्रथम कांसे का प्रयोग हुआ।
- विश्व में सर्वप्रथम कपास उगाने का श्रेय हड़प्पाईयों को जाता है।
- हड़प्पा सभ्यता के मुख्य फसल गेहूँ और जौ थी।।

| **मुख्य शहर** | **खोजकर्त्ता** |
|---|---|
| हड़प्पा | दयाराम साहनी |
| मोहनजोदड़ो | राखाल दास बनर्जी |
| लोथल | रंगनाथ राव |
| चान्हुदड़ो | गोपाल मजुमदार |
| आलमगीर | यज्ञदत्त शर्मा |
| रंगपुर | रंगनाथ राव |
| बनवाली | रवीन्द्र सिंह विष्ट |
| सुरकोटदा | जगपति जोशी |
| कालीबंगा | अमलानन्द घोष, बी.बी. लाल |

| **मुख्य शहर** | **नदी** |
|---|---|
| हड़प्पा | रावी |
| मोहनजोदड़ो | सिन्धु |
| लोथल | भोगवा |
| कालीबंगा | घग्घर (ळींहहींत) |
| रंगपुर | मादर नदी |
| बनवाली | सरस्वती नदी |
| सुरकोतदा | शादीकौर |
| आलमगीरपुर | हिण्डन |

- हड़प्पा सभ्यता की मुहरों पर सर्वाधिक चिंन्ह एकश्रृंगी पशु के मिले है
- अग्निकुण्ड लोथल व कालीबंगा से प्राप्त हुये है।
- लोथल व कालीबंगा में युग्म समाधियाँ मिली है।
- मेसोपोटामिया के अभिलेख में वर्णित शब्द मेहुला का अर्थ सिंधु सभ्यता है।
- हड़प्पा सभ्यता में किसी भी मंदिर का अवशेष नहीं मिला है।
- हड़प्पाई मुहरें सेलखड़ी की बनी होती थी।
- मुख्य पुरुष देवता पशुपति महादेव थे।
- मुख्य देवी मातृ देवी (पृथ्वी देवी) थी।
- हड़प्पा सभ्यता में भावचित्रात्मक लिपि का प्रयोग होता था।
- माप-तोल की इकाई 16 के अनुपात में थी।
- हड़प्पाई लोगों का प्रिय वृक्ष पीपल था।
- भारत में चांदी सर्वप्रथम सिन्धु-सभ्यता में पाई गई।
- चन्हुदड़ो से लिपिस्टिक के अवशेष मिले हैं।
- अग्निवेदिका का साक्ष्य कालीबंगा से मिला है।
- जुते हुए खेत का प्रमाण कालीबंगा से मिला है।
- समाधि आर. 37 कब्रिस्तान हड़प्पा से मिला है।
- प्रचलित मृद्भांड - काले एवं लाल मृद्भांड है।

### विभिन्न क्षेत्रों से आयात किये गये कच्चे माल

| **कच्चा माल** | **क्षेत्र** |
|---|---|
| टिन | अफगानिस्तान, ईरान |
| तांबा | खेतड़ी (राजस्थान), ब्लूचिस्तान |

EduBull.com

Add. 41-42A, Ashok Park Main, New Rohtak Road, New Delhi-110035
+91-9350679141

| | |
|---|---|
| चांदी | ईरान, अफगानिस्तान |
| सोना | अफगानिस्तान, फारस, दक्षिणी भारत (कर्नाटक) |
| लाजवर्द | मेसोपोटामिया |
| सेलखड़ी | ब्लूचिस्तान, राजस्थान, गुजरात |
| शिलाजीत | हिमालय क्षेत्र |

| **मुख्य शहर** | **वर्तमान राज्य/प्रान्त** |
|---|---|
| मोहनजोदड़ो | सिन्ध |
| हड़प्पा | पंजाब (पाकिस्तान) |
| रोपड़ | पंजाब (भारत) |
| कालीबंगा | राजस्थान |
| लोथल | गुजरात |
| रंगपुर | गुजरात |
| मांदा | जम्मु कश्मीर |
| बनवाली, राखीगढ़ी | हरियाणा |
| आलमगीरपुर | उत्तर प्रदेश |

- पिग्गट महोदय ने हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ो को 'एक विस्तृत साम्राज्य की जुड़वा राजधानी बताया है।'
- 'झूकर संस्कृति' एवं 'झाकर संस्कृति' के अवशेष चन्हुदड़ो से मिले हैं।
- धान (चावल), फारस की मुहरों एवं घोड़ों की लघु मृण्मूर्तियों के अवशेष लोथल से मिले हैं।